Reg. No. :- JH-11-0004329
# अपेम लाइव न्यूज
(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)
APEM LIVE NEWS सच का साथी
दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 29-05-2023 अंक 578
Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

## अरारी गांव में श्मशान शेड का शिलान्यास हुआ



**अपेम लाइव : बिरनी**

बिरनी प्रखण्ड क्षेत्र के अरारी पंचायत के अरारी गांव में दो लाख 62 हजार रुपये की लागत से 15 वी वित आयोग योजना से श्मशान सेड का शिलान्यास अरारी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार वर्मा व पंचायत समिति सदस्य पंकज यादव ने विधिवत किया।इस स्थान पर वर्षो से ग्रामीण श्मशान सेड का मांग कर रहे थे।क्योंकि गांव में अगर किसी ब्यक्ति की मौत होती थी तब लोगो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था।अब सेड का शिलान्यास होने के बाद ग्रामीणों में खुशी देखी गई। इस अवसर पर मुख्य रुप से उपमुखिया जितेंद्र यादव वार्ड सदस्य सुखदेव रजक वार्ड सदस्य प्रतिनिधि जगदीश बैठा चिरंजीवी वर्मा नारायण यादव कार्तिक यादव सरजू रजक राजकुमार बैठा समेत के ग्रामीण उपस्थित थे ।

# सामूहिक दुष्कर्म की आशंका नाबालिक लड़की को कुवें में धकेला जिससे उसकी हुई मौत





**अपेम लाइव : बिरनी**

बिरनी थाना क्षेत्र के बैदापहरी गांव की एक नाबालिक लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म होने की आशंका जताई जा रही है लड़की को कुवें में धकेला जिससे उसकी मौत हो गई।मृतिका प्लस 2 हाई स्कूल भरकट्टा के मैट्रिक की छात्रा थी।और वह बीते रात्रि दो बजे से घर से गायब थी।सोमवार सुबह किसी ने गांव वालों को सूचना दिया कि थोरिया गांव के एक कुवें में एक लड़की गिरी हुई है तब जाकर परिजन ओर गांववालो के लड़की को बेहोशी की हालत में कुवे बाहर निकाला घर ले जाते उन्होंने दम तोड़ दिया।इधर घटना की जानकारी मिलते ही इंस्पेक्टर नवीन कुमार सिंह व बिरनी पुलिस दल बल के साथ पहुची ओर घटना की जानकारी लिए ओर कानूनी कार्यवाई कर शव को पोस्टमार्डम के लिए सदर अस्पताल गिरीडीह भेज दिया।इधर इंस्पेक्टर श्री सिंह ने इस घटना के एक आरोपी को पकड़ा है।पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि फिलहाल मामले को गम्भीरता पूर्वक जांच पड़ताल किया जा रहा है पोस्टमार्डम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।घटना के बाद मृतिका के परिजनों का रोरोकर बुरा हाल हो गया है।इस मौके पर बिरनी प्रमुख रामु बैठा मनोज कुमार सिंह अशोक सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

## तुबेद कोलियरी की पहली खेप पहुंचा चंद्रपुरा थर्मल पावर प्लांट



**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : डीवीसी तुबेद कोल माइंस से चंद्रपुरा थर्मल पावर प्लांट में कोयला भेजने का काम शुरू हो गया है. तुबेद कोलियरी से उत्पादित कोयला की पहली रेलवे रैक कुसमही रेलवे साइडिंग से चंद्रपुरा के लिए डीवीसी के ईडी (माइनिंग) जेके मंडिया के नेतृत्व में लोड कर रवाना किया गया.इस अवसर पर श्री मंडिया ने कहा कि यह लातेहार वासियों की उपलब्धि है. वर्षों से चिर–प्रतीक्षित इस कोल माइंस के कोयले की उपयोग की शुरुआत डीवीसी की चंद्रपुरा स्थित थर्मल पावर प्लांट से की गयी. उन्होंने बताया कि स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से तुबेद कोल माइंस प्रोडक्शन की ओर तेजी से बढ़ रहा है. बरसात को देखते हुए उत्खनन एवं परिवहन कार्य को तेज कर दिया गया है. डीवीसी के मानव संसाधन उप निदेशक रवि प्रकाश तिवारी ने जानकारी देते हुए कहा कि श्री मंडिया के कार्यकाल में यह पहला रेलवे रैक लोडिंग है. मौके पर लोडिंग में डीवीसी के अधिकारी व कर्मचारी उप. स्थित थे.

# दुलमहा के प्रवासी मजदुर की गुजरात में संदिग्ध हालात में मौत, परिजनों ने लगाया हत्या आरोप

## समाजसेवी ब्रह्मदेव पासवान के ट्वीट पर श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने लिया संज्ञान जांच की मांग


राजन दास (फाइल फोटो)




**अपेम लाइवः बरही**

बरही प्रखंड के दुलमहा पंचायत के प्रवासी मजदुर राजन दास की संदिग्ध मौत गुजरात के अहमदाबाद जिला के मैसाना में हो गई। जानक. ारी के मुताबिक राजन दास गुजरात अहमदाबाद में संचालित हाय गणेश स्टील प्लांट में पिछले 8 साल से मजदूरी कर रहे थे। परिजनों ने बताया की विगत 28 मई को शाम 4 बजे राजन दास ने अपनी पत्नी को फ़ोन कर बताया की उनके साथ कंपनी के लोग मार पीट कर रहे है और जान से मारने की धमकी भी दिया है। उसके कुछ घंटे बाद ही ठीकेदार फ़ोन कर बताता है की राजन दास की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है । मृतक राजन दास की पत्नी फगुनी देवी का कहना है की वहां के ठीकेदार लोग पहले भी कई बार मार पीट कर चुके थे। मृतक राजन दास घर का इकलौता बेटा था। उनके चार बच्चे विजय दास 15 वर्ष, सुमन कुमार 12 वर्ष, राधिका कुमारी 9 वर्ष, लक्ष्मण कुमार 5 वर्ष, एवं बुजुर्ग माता पिता है। परिजन का आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण मृतक का शव लाने से असमर्थ है। इस मामले को लेकर समाजसेवी ब्रह्मदेव पासवान ने श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता को ट्वीट कर जानकारी दी और मामले की जांच का अनुरोध किया। इस पर श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने संज्ञान लेते हुए गुजरात सरकार को जानकारी दी है और जांच की मांग की है। साथ ही अपने विभाग को भी इस मामले को लेकर अपने स्तर से जांच एवं त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिए हैं।

## बरही प्रखंड मुख्यालय में डालसा के तत्वाधान में 5 जून को होगा शिविर का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**

बरही प्रखंड मुख्यालय 5 जून को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में आयोजित मन का पखवाड़ाष का आयोजन किया जाएगा। ज्ञात हो की इस शिविर में आम लोगो को संविधान एवं विधि द्वारा प्रदान मौलिक अधिकार, सामान्य कानूनी प्रावधान सहित सरकार के द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं के विषय में लोगों को जानकारी दी जाती है।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## बरही मुखिया संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों ने नव पदस्थापित इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी का किया स्वागत

**अपेम लाइव : बरही**



रविवार को बरही प्रखंड के मुखिया संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों ने बरही थाना में नव पदस्थापित इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह का बुके देकर व माला पहनाकर स्वागत किया। मुखिया संघ के अध्यक्ष विजय कुमार यादव ने नए थाना प्रभारी से आग्रह किया कि क्षेत्र की समस्या के निदान में उनका सहयोग लिया जाए। साथ ही उन्हें आश्वस्त किया कि पुलिस पदाधिकारियों को क्षेत्र में हर सम्भव मदद की जाएगी। नए पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने सभी मुखिया से आग्रह किया कि लोगों को वह जागरूक करें कि जमीन से सम्बंधित मामला अंचल कार्यालय लेकर जाए, जिससे लोगों की परेशानी कम हो। साथ ही उन्होंने सभी मुखिया से अनुरोध किया कि छोटे छोटे मामलों का निष्पादन गांव स्तर से करने का प्रयास करें। मौके पर मुखिया संघ के अध्यक्ष सह मलकोको मुखिया विजय कुमार यादव, मुखिया संघ के सचिव सह रसोईया धमना मुखिया गोविंद प्रसाद साहू, मुखिया संघ के कोषाध्यक्ष सह गोरिया करमा मुखिया प्रतिनिधि राजन यादव, बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी, कोलहुआकला मुखिया मंगलदेव यादव, करसो मुखिया प्रतिनिधि मुकेश राम, पंचमाधव मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, खोंडाहार मुखिया प्रतिनिधि खिरोधर यादव, बरही पश्चिमी मुखिया शमसेर आलम, दुलमहा मुखिया नारायण यादव, केदारूत मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव, डपोक मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रविदास, बरही पूर्वी मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, कोनरा मुखिया प्रतिनिधि मो ताजुद्दीन, टिंकू आलम सहित अन्य मौजूद थे।

## पुलिस ने उग्रवादी संगठन टीएसपीसी 6 उग्रवादियों को किया गिरफ्तार

**अपेम लाइव : लातेहार**




लातेहार : एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर जिला पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के उग्रवादियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। इन उग्रवादियों की गिरफ्तारी जिले के हेरहंज थाना क्षेत्र के डोंकी-हेसातु-बरवाही तीन मुहान के पास से की गयी है। इसकी जानकारी एसपी ने यहां आयोजित एक प्रेस वार्ता में दी।उन्होंने कहा कि 28 मई की रात्रि तकरीबन साढ़े नौ बजे गुप्त सूचना मिली कि टीएसपीसी के पांच-छह उग्रवादी उक्त स्थान पर किसी उग्रवादी घटना को अंजाम देने के लिए जुटे हैं। सूचना का सत्यापन कराने के बाद एक छापामारी टीम का गठन किया गया। टीम के सदस्यों ने रात के तकरीबन 10रू40 बजे तीन मुहान के पास पहुंच कर घेराबंदी की। इस घेराबंदी में वहां मौजूद सभी छह लोग पकड़े गये। पुलिस ने इन उग्रवादियों के पास से एक .315 बोर का लोडेड देशी बोल्ट रायफल, एक लोहे का लोडेड देशी कट्टा, छह जिंदा कारतूस, अलग-अलग कंपनी का चार मोबाइल फोन, एक काला-ब्लू रंग का पैशन प्रो मोटरसाइकिल (जेएच 03एन-9932) बरामद किया है।पुलिस के द्वारा पूछे जाने पर उन्होंने अपने आप को प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी का सदस्य बताया।इस छापामारी में पुलिस अवर निरीक्षक सह हेरहंज थाना प्रभारी शुभम कुमार गुप्ता, बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह, मनिका थाना के पुअनि गौतम कुमार व मिथिलेश कुमार तथा बरवैया पुलिस पिकेट के सअनि देवचंद हांसदा व बरवैया सैट 207 के सशस्त्र जवान शामिल थे प्रेस वार्ता में एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा व लाते. हार अंचल पुलिस निरीक्षक चंद्रशेखर चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

गिरफ्तार उग्रवादी के नाम
1. मुकेश यादव (20वर्ष) ग्राम होटाई, पांकी
2. मुकेश यादव (20वर्ष) ग्राम तितलंगी, पलामू
3. अवधेश यादव (23वर्ष) ग्राम चेरी, लेस्ल. ीगंज पलामू
4. प्रभात कुमार यादव उर्फ अफजल उर्फ अभिषेक (22वर्ष) ग्राम बिदरा, पलामू 5.भीम पासवान (26वर्ष) ग्राम डोंकी, मनिका 6. नंदू शर्मा (28 वर्ष) ग्राम जान्हो, मनिका

## विधायक उमाशंकर अकेला ने दुलमहा, हरिला (तुरी टोला) एवं गौरियाकरमा में ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन

**अपेम लाइव : बरही**




बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने बरही प्रखंड के दुलमहा, हरिला ( तुरी टोला) एवं गौरियाकरमा में बीते दिन नारियल तोड़कर एवं फीता काटकर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। विदित हो की उक्त सभी गांवों में ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के कारण ग्रामीण पिछले कई सप्ताह से अंधेरे में रहने को मजबूर थे। बिजली नही होने के कारण बच्चों का पढ़ाई भी प्रभावित हो रहा था। जिसको देखते हुए विधायक उमाशंकर अकेला ने ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया। वहीं ग्रामीणों ने इस कार्य के लिए विधायक का आभार जताया है। दुलमहा में मौके पर सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव एवं कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी सहित दर्जनों अन्य लोग मौजूद थे। हरिला (तुरी टोला) में विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छठु गोप, विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, बासुदेव यादव, मुन्ना तुरी एवं गौरियाकरमा में अर्जुन यादव, विकाश यादव, महेश पांडेय, रवि यादव, पूर्व मुखिया मनोज यादव एवं महेश यादव सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।










सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## बिरनी में हर घर नल जल योजना फ्लॉप

**अपेम लाइव : बिरनी**



बिरनी प्रखण्ड क्षेत के विभिन्न ग्रामीण इलाके में इन दिनों हर घर नल जल योजना फ्लॉप साबित हो रहा है ।इस गर्मी के मौसम में भी ग्रामीण इधर उधर से पानी लेकर अपनी प्यास बुझाने को मजबूर है।इस सम्बंध में बतादें की सरकार लोगो को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने को लेकर पानी की तरह पैसा बहा रही इसके बाद भी लोगो का प्यास नही बुझ रहा है।कारण है अधिक कमीशन पाने के लिए सम्बंधित एजेंशी के द्वारा घटिया सामिग्री का प्रयोग करना।बतादें कि घटिया पाइप टँकी ओर सोलर प्लेट का प्रयोग किया जा रहा। इनदिनों बिरनी प्रखण्ड के सभी पंचायतों में छोटा और बड़ा जलमीनार लगाने का कार्य चल रहा है लेकिन गुणवत्तापूर्ण सामिग्री का उपयोग कहि नही किया जा रहा।जिसके कारण कुछ ही दिनों में जल मीनार पानी देना बंद कर देता है।आश्चर्य की बात है कि इस महत्वकांक्षी योजना में भी भारी गड़बड़ी किया जा रहा है जो एक जांच का विषय है।सरकार का घोषणा है कि 2024 तक हर घर नल जल योजना के तहत ग्रामीण इलाके के सभी घरों तक शुद्ध स्वच्छ जल मुहैया कराना है।बतादें की जलमीनार बन जा रहा है सरकारी राशि खर्च करने के बाद भी लोगो का प्यास नही बुझ रही है।इस सम्बंध में पूछे जाने पर कनीय अभियंता विहेन्द्र भगत ने कहा है कि सरकारी आदेश के तहत जिस एजेंशी से संवेदक को मेटेरियल लेने का आदेश मिला है संवेदक उसी से मेटेरियल खरीद रहे हैं।

## बनवारी साहु कॉलेज को नैक से बी ग्रेड की मान्यता मिलने पर कुलपति ने की प्रशंसा

**अपेम लाइव : लातेहार**




लातेहार : जिला मुख्यालय स्थित बनवारी साहु कॉलेज को राष्ट्रीय मूल्यांकन व प्रत्ययन परिषद (नैक) से बी ग्रेड की मान्यता मिली है। इस सत्र में प्रदेश में यह पहला क०लेज है, जिसे नैक से बी ग्रेड की मान्यता मिली है। मान्यता मिलने के बाद नीलांबर- पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ राम लखन सिंह महाविद्यालय के एक दिवसीय दौरे पर आये। कॉलेज पंहुचने पर प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी व सचिव अंजू गुप्ता ने कुल. पति को पुष्पगुच्छ एवं शॉल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो डॉ राम लखन सिंह कहा कि महाविद्यालय ने अपनी बेहतर गतिविधि, संचालन व अथक परिश्रम से नैक से बी ग्रेड की मान्यता प्राप्त की है। यह इस महाविद्यालय के लिए गर्व की बात है। उन्होंने महाविद्यालय प्रबंधन की प्रशंसा करते हुए कहा कि बीएस क०लेज सीमित संसाधनों में भी क्षेत्र में शिक्षा बेहतर कार्य कर रहा है। मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी नवल किशोर प्रसाद, प्रो शत्रुघन्न मेहता, प्रो संजीत कुमार, रंजीत कुमार, हरिप्रसाद सिंह, योगेश्वर महतो, अमरेश कुमार पांडेय, ज्योति कुमारी, चंदा कुमारी व चंदन कुमार समेत महाविद्यालय के कई कर्मी मौजूद रहे।

## आंगनबाड़ी सेविका के चयन में अनियमितता का लगाया आरोप, सीडीपीओ को सौंपा ज्ञापन

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार : सदर प्रखंड के डुंड़र्गी खुर्द के वार्ड नंबर 9 और 10 की सदस्य कबूतरी देवी व मीना देवी ने आंगनबाड़ी चयन में अनियमितता बरतने का आरोप लगाया है. इसको लेकर दोनों ने बीडीओ सह प्रभारी सीडीपीओ को एक ज्ञापन सौंपा है. ज्ञापन में लिखा है कि आंगनबाड़ी सेविका के रूप में गलत अभ्यर्थी का चयन किया जा रहा है. इस कार्य में महिला पर्यवेक्षिका की भूमिका भी संदिग्ध है. उन्होंने आरोप लगाया कि आंगनबाड़ी सेविका के चयन में वार्ड सदस्य या किसी भी जन प्रतिनिधि को शामिल नहीं किया गया. सेविका के चयन में गांव में जाति की बहुलता को भी नजरअंदाज किया जा रहा है. वार्ड सदस्यों ने इस पर हस्तक्षेप कर मामले की जांच कराने एवं सही अभ्यर्थी का चयन करने की मांग की.

## सिविल कोर्ट परिसर में मन का मिलन पखवाड़ा का हुआ शुभारंभ

**अपेम लाइव : लातेहार**




लातेहार : झालसा, रॉंची के दिशा निर्देश में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष-सह-प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अखिल कुमार के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में मन का मिलन पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया।ज्ञात हो कि 14 जून 2023 तक सिविल कोर्ट परिसर में परिसर में मन का मिलन पकवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है।इस मौके पर कुटुंब न्यायालय लातेहार से रेफरल मामले का भी निष्पादन किया गया इस मामले में पति पत्नि के बीच में मध्यस्थता कराया गए दोनों को राजी खुशी से एक.दूसरे साथ रहने के लिए सलाह दी गई दोनों इस बात पर राजी भी हुए और खुशी से अपने घर गए।इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव ने बताया कि मन का मिलन पखवाड़ा के आयोजन का मुख्य उद्देश्य मध्यस्थता है। मन का मिलन पखवाड़ा के तहत पक्षकारों के मध्य सुलह-समझौता किया जाएगा जिसमें मध्यस्थतकर्त्ता के साथ पुलिस पदाधिकारी भी मौजुद रहेंगे । मध्यस्थता के प्रति सामान्य जनमानस को जागरुक करना इस आयोजन का मुल मंत्र हैं।

## स्वच्छता प्रबन्धन के तहत प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन हुआ

**अपेम लाइव : बिरनी**



बिरनी प्रखण्ड के पंचायत भवन आरारी में स्वच्छता प्रबंधन जागरूकता के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया इसमें मुख्य रूप से महामारी स्वच्छता जागरूकता जल जीवन मिशन स्वच्छता कवरेज पर विस्तृत जानक. ारी यूनिसेफ से आए गजाधर सिंह ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सोशल मोबिलाइजर रुकसाना खातून के द्वारा उपस्थित अरारी पंचायत के सभी सेविका सभी जलसहिया एवं सभी सहिया को जानकारी दिया । इस कार्यक्रम में स्वच्छता महामारी पर रेड डॉट चौलेंज भी किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से अरारी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार वर्मा पंचायत समिति सदस्य पंकज यादव सेविका अनामिका वर्मा अफरोजा खातून कंचन कुमारी खुशबू कुमारी किरण कुमारी सहिया पुस्पा वर्मा सुनीता देवी आशा देवी गीता देवी जल सहिया मीना देवी अस्टमा देवी मुन्नी देवी सुनीता देवी अंजनी देवी प्रियंका कुमारी मालती देवी एवं झारखंड लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी से कोसल्या कुमारी आशा देवी समेत कई महिलाएं उपस्थित थी।






दिनांक: 29-05-2023

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## उपायुक्त ने बैठक कर अमृत सरोवर योजना की प्रगति का किया समीक्षा

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार : मिशन अमृत सरोवर के तहत जिले में हो रहे कार्यों को लेकर उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने मिशन अमृत सरोवर के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अमृत सरोवर केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। अमृत सरोवर योजना के तहत जिला में 75 तालाबों का जीर्णोद्धार / निर्माण कार्यों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। ताकि भूमिगत जलस्तर बढ़ाया जा सके।उपायुक्त ने कहा कि लातेहार जिला में लक्ष्य के विरुद्ध जल्द से जल्द सभी विभागों के अधिकारी अपने अपने विभागों के तालाबों के जीर्णोद्धार के टारगेट पूरा करना सुनिश्चित करें। बैठक में प्रखंड वार मिशन अमृत सरोवर के तहत किए गए कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। वही उन्होंने जल्द से जल्द अन्य तालाबों के निर्माण व जीर्णोद्धार के संबंध में आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए।इस दौरान उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को मनरेगा, 15वें वित्त आयोग सहित अन्य योजनाओं के माध्यम से ससमय कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि जिन तालाबों का कार्य पूरा हो चुका है उनका वे स्वयं अगली समीक्षा बैठक से पहले निरीक्षण भी करेंगे। इस दौरान उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि अमृत सरोवर का कार्य सरकार द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुसार गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें।बैठक में उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार, एनडीसी बंधन लांग, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, संबंधित विभाग के पदाधिकारी, संबंधित कनीय अभियंता उपस्थित थे।

## मोदी जी के विकास कार्यो को जन जन तक पहुचाये- केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**




बरकट्ठा स्थित दिव्य कल्याण आश्रम परिसर में भाजपा द्वारा प्रयोजित महा जनसंपर्क अभियान के निमित विधानसभा स्तरीय बैठक आयोजित की गई बैठक को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा की देश मे ही नही बल्कि विदेशों में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व की प्रसंशा हो रही है इतना ही नही मोदी जी के द्वारा देश मे किये जा रहे विकास कार्यो को जनजन तक पहुचाये जिससे आनेवाले चुनाव में भाजपा को लाभ मिले उन्होंने भाजपा द्वारा प्रयोजित महा जनसम्पर्क अभियान के तहत सभी गांवों में सघन जनसंपर्क करना है इसी के निमित आज तैयारी बैठक की गई है बैठक में मुख्य रूप से विधायक अमित कुमार यादव, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता कुमकुम देवी, मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, प्रदेश कार्य समिति सदस्य बटेश्वर मेहता, सांसद प्रतिनिधि सुनील मेहता, केदार साव, सुशील पांडेय, रघुवीर महतो, बेडोकला भाजपा मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, चलकुशा मंडल अध्यक्ष अशोक मोदी, ओबीसी मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष बालेश्वर ठाकुर, किसान मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष छोटेलाल प्रसाद,छोटी मेहता, अनिल आजाद, टिंकु कुमार, इन्द्रदेव यादव, बिंदु सोनी, देवेन्द्र पाण्डेय, कुलदीप पांडेय, बिरेंद्र कुमार शर्मा, राजकुमार गिरी, सरयु यादव, मो खलील अंसारी, अशोक गुप्ता, विजय यादव, राजकुमार यादव ,पवन कुमार, सरयु महतो समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## त्रिदेव विस्थापन कमेटी का हुआ गठन

### शंकर राम अध्यक्ष एवं खेमानी साव सचिव चुने गए

**अपेम लाइवः बडकागॉव**



बड़कागांव प्रखंड के अंतर्गत ग्राम के गढ़ाकोचा लोहा पुल के पास ग्रामीणों की विशेष बैठक हुई । जिसकी अध्यक्षता खेमानी साव एवं संचालन बृजेश सिंह ने किया। बैठक में जुगरा, चेपाकला , आराहारा एवं मझली डाड़ी के ग्रामीणों ने भाग लिया। कंपनी के द्वारा विस्थापन कार्य को लेकर विशेष चर्चा की गई । इस दौरान विस्थापितों की समस्याओं को दूर करने को लेकर त्रिदेव विस्थापित समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से शंकर राम अध्यक्ष एवं खेमानी साव सचिव तथा फुलेश्वर महतो कोषाध्यक्ष चुना गया वही उपाध्यक्ष विजय राणा, उप सचिव राजेंद्र प्रसाद, उप कोषाध्यक्ष सिकेंद्र कुमार साव ,मीडिया प्रभारी अनुज कुमार सिंह का चयन किया गया। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों में कैलाश साव, ब्रजेश कुमार सिंह ,बाजो राम ,रामदुलार साव ,द्वारिका भारती, मुकेश साव ,दिनेश्वर साव, सिकंदर साव, संतोष सिन्हा ,सुरेश राणा, विजय महतो, दिनेश्वर महतो, बालेश्वर महतो ,मिठू महतो ,कुलदीप महतो, रामकुमार साव ,टीभर राम एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे ।

## ब्रह्म विद्या विहंगम योग ने किया सप्ताहिक सत्संग गोष्ठी का आयोजन

**अपेम लाइवः बरही**



बरही हजारीबाग रोड के स्थित शकुंतला पैलेस में डॉ महेश प्रसाद की अध्यक्षता में ब्रह्मा विद्या विहंगम योग द्वारा सप्ताहिक सत्संग गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे ओंकार ध्वनि, स्वागत गान, मंगलगान एवं माल्यार्पण सामूहिक रूप से किया गया। साथ ही ज्ञान गुदड़ी पाठ सिकंदर सिंह, उद्घोष एवं स्वर्वेद पाठ कैलाश प्रसाद केशरी, भजन मुंद्रिका एवं यशोदा देवी, प्रवचन डॉ महेश प्रसाद एवं वंदना, आरती एवं शांति पाठ सामूहिक रूप से किया गया। मौके पर ब्रह्मा विद्या विहंगम प्रभारी कृष्णा गुप्ता, कैलाश प्रसाद केशरी, देवधारी प्रजापति, डॉ महेश प्रसाद, कैलाश प्रसाद केशरी, राजदेव सिंह, उपेंद्र पांडेय, प्रमोद कुमार गुप्ता, पप्पू राम, रामचंद्र राम, शकुंतला देवी, समुंद्री देवी, यशोदा देवी एवं चमेली देवी मुख्य रूप से मौजूद थी।




